वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 339 सोमवार 8 अप्रैल 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में हुआ पंचांग लोकार्पण

**धर्माचार्यों और ज्योतिषियों ने संवत 2081 के व्रत-पर्वों पर चर्चा की,कहा धनु लग्न में नववर्ष के प्रवेश से विश्व में बढ़ेगी भारत की साख**




**जयपुर. कासं**

जयपुर भारतीय कैलेंडर अनुसार इस बार विक्रम संवत 2081 का प्रवेश धनु लग्न में होने जा रहा है।इस वर्ष विश्व में राजनैतिक स्थिरता के साथ औद्योगिक एवं विदेश नीति में अहम फैसले लिए जायेंगे और विश्व में भारत की साख बढ़ेगी।किन्तु वर्ष का राजा मंगल व मंत्री शनि तृतीय भाव में एक साथ बैठकर शासन तंत्र के लिए दुविधा जनक स्थिति के संकेत दे रहे है। राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में पंचांग लोकार्पण किया गया। साथ ही धर्मसभा, पंचांग श्रवण और वसंत संपात चर्चा भी की गई।कार्यक्रम के आयोजक और राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने कहा कि प्रकृति में परिवर्तन के साथ ही भारतीय संवत्सर का भी परिवर्तन हो रहा है। 09 अप्रैल 2024, मंगलवार, चैत्रशुक्ल प्रतिपदा को कालयुक्त नामक संवत्सर का प्रारंभ हो रहा है। यह भारतीय कालगणना का 2081वां विक्रम संवत है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हाथोज धाम के महंत बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि पंचांग भारतीय परंपरा का वैज्ञानिक दृष्टि से निर्वाह का उदाहरण है पंचांग श्रवण की भारतीय परंपरा का संरक्षण आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि गलता पीठ के श्री गलता पीठ के श्री गालव आश्रम के युवाचार्य श्री राघवेंद्र आचार्य महाराज, कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो विनोद शास्त्री ने कहा कि विक्रम संवत भारत का प्राचीनतम संवत है और विक्रमादित्य के शासनकाल से इसका प्रचलन हुआ था।

**हेल्थ टॉक में विशेषज्ञों की राय**

## हार्ट का रखें ध्यान : डॉ. संजय मित्तल



### बोले- 24 घंटे में शरीर को नींद में आराम मिल जाता है, हार्ट की वर्किंग चलती रहती है

**जयपुर. कासं**

हृदय स्वस्थ है तो सब ठीक है।हमारा शरीर 24 घंटे में से नींद के माध्यम से 8-10 घंटे आराम करता है। लेकिन हमारा हृदय लगातार काम करता रहता है।इससे स्वस्थ रखना हम सबका सबसे बड़ा दायित्व है। हमें अपने खानपान और रहन सहन के माध्यम से इसे स्वस्थ रख सकते है। इसके लिए हमें 10 हजार कदम नियमित रूप से चलना चाहिए। यह कहना है मेदांता हॉस्पिटल दिल्ली के वाइस चेयरमैन डॉ. संजय मित्तल का। वे संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर आयोजित हेल्थ टॉक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कॉलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए तेल और घी से बने पदार्थों से बचना चाहिए क्योंकि आज विश्व में सबसे अधिक हृदय रोगी भारत में है। ऐसे में अपनी फिटनेस को ठीक रखने के लिये 1 घंटा व्यायाम, योग, स्विमिंग इत्यादी करने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर हम हृदय रोग से बच सकते है। साथ ही हमें नियमित चेकअप भी करवाना चाहिए। कार्यक्रम के पूर्व में संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी और मुकेश मिश्रा व योगेश मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गणगौर घूमर महोत्सव में झूमी महिलाएं: 150 महिलाओं ने किया एक साथ घूमर, राजस्थानी फोक गीत-संगीत के प्रति दिखा प्रेम और उत्साह

**जयपुर. कासं**

पारंम्परिक वेश -भूषा में सजी -धजी महिलाओं ने मंच पर कला के सतरंगी रंगों को बिखेरा । मौका था गणगौर घूमर महोत्सव का। अमेजिंग डांस अकादमी द्वारा रविवार को झोटवाड़ा स्थित हनुमान वाटिका गार्डन में गणगौर घूमर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गणगौर माता की भव्य सवारी निकाली गई और 150 महिलाओं द्वारा सामूहिक घूमर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति हाथोज धाम के बालमुकुंदाचार्य , मंजू शर्मा,पार्षद दुर्गेश नंदिनी, डॉ. अर्चना पुरोहित, मदन लाल प्रजापति, लालचंद प्रजापति, राजविंदर



कौर, सरिता शर्मा, सुनीता सोनी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक संजय प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 85 वर्षीय महिला द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य रहा व सभी विजेताओं को बेस्ट गणगौर क्वीन,बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस में पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नमिता अग्रवाल, सुनीता पाटीदार, पायल राजवानी, जुगनू सिंह, निशा गोयल, प्रिया सोनी, विशाल कटारिया, सोनू मल्होत्रा, अर्जुन मौर्य, विशाल प्रजापत, संतोष कुमारी, विनीता कुमार आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। संजय ने बताया कि डांस वर्क शॉप के तहत महिलाओं और लड़कियों को संस्था की ओर से बेसिक डांस और फोक डांस की ट्रेनिंग दी गयी थी । डांस वर्क शॉप पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुति दी गयी ।

# एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में डॉक्टर पीयूष त्रिवेदी ने सेवा दी





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन समाज समिति वैशाली नगर द्वारा आज रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर का नेमी सागर कॉलोनी, वर्धमान भवन, वैशाली नगर जयपुर में सफल आयोजन हुआ। एक्यूप्रेशर चिकित्सा के प्रभारी डॉक्टर पीयूष त्रिवेदी एवं उनकी टीम ने आने वाले सभी रोगियों की निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा की। इस शिविर का दर्द से पीड़ित 70 लोगों ने लाभ उठाया।

# जैन सोशल ग्रुप महानगर द्वारा गौ सेवा की गई



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सौशल ग्रुप महानगर द्वारा दुर्गापुरा गौशाला में 34वे सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत गौसेवा कार्यक्रम किया गया ।जिसमें गायों को हरा चारा, लौकी, रोटियां एवं गुड़ आदि खिलाया गया। आज के कार्यक्रम के पुण्यार्जक विनोद जैन एडवोकेट -रंजुला जैन, वरिष्ठ सदस्य महानगर ग्रुप थे। महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा एवं सचिव सुनील जैन गंगवाल ने बताया कि महानगर ग्रुप इस वर्ष ( 26 मार्च 2000- 2025 ) अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। सामाजिक सहायता कार्यक्रम के सयोजक पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश जैन ने बताया कि इस सेवा कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप जैन, पूर्व अध्यक्ष सी एस जैन, विरेंद्र जैन, उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, सयुंक्त सचिव सुधीर सोनी, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अमिता जैन, वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट संत कुमार जैन, कमलेश जैन, अशोक जैन, अनिल - रेणु छाबड़ा, विनोद - रन्जुला जैन अपने पूरे परिवार एवं मित्रों के साथ सेवा कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। विनोद जैन कोटखावदा, संस्थापक अध्यक्ष, जैन सौशल ग्रुप मैट्रो की विशेष उपस्थिति रही।

# भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर रक्तदान शिविर संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर स्वामी जी के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के आव्हान पर श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर, महारानी फार्म जयपुर में 7 अप्रैल 2024 प्रातः 9:00 बजे से 2:00 तक आयोजित रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि राजस्थान जैन सभा जयपुर में 29 जैन मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर रक्तदान शिविर आयोजित कराया गये। मन्दिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबडा के अनुसार गायत्री नगर जैन मंदिर में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं, सभी रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह के रूप में हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह, मंत्री राजेश बोहरा, संयुक्त मंत्री मुकेश सोगानी , सुनील सोगानी, सुरेश जैन विकास समिति रघुविहार, पारस जैन विकास समिति गायत्री नगर, प्रकाश गंगवाल विकास समिति गायत्री नगर बी, प्रकाश बाकलीवाल विश्वकर्मा नगर, अशोक बिलाला डॉक्टर कुसुम सांघी, राकेश पाटौदी आदिनाथ मेडिकल एवं जय वशिष्ठ पार्षद नगर निगम सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे। शिविर संपन्न होने पर शिविर संयोजक मुकेश सोगानी ने मेडीकल टीम , रक्तदान करने वालों का, उपस्थित अतिथियों, प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया।



भगवान महावीर के 2623वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक् द्वारा

रक्तदान जीवन दान

# रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

**बुधवार, 10 अप्रेल 2024**
**प्रात : 10 से 2 बजे तक**

**स्थान : राजवंश पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल**
**बरकत नगर, गली न. 8, टोंक फाटक**

*क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।*

संयोजक : श्रीमती सीता चौहान
श्री नवल जैन मो. 9414343504

श्री महावीर-शकुन्तला बिंदायका
संरक्षक

श्री महावीर-लक्ष्मी बोहरा
अध्यक्ष

डॉ. इन्द्रकुमार-स्नेहलता जैन
सचिव मो. 9414076741

मुकेश - कल्पना शाह
कोषाध्यक्ष मो. 9799296476

---

भगवान महावीर के 2623वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

सखी गुलाबी नगरी

# सखी गुलाबी नगरी

द्वारा

रक्तदान जीवन दान

# रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

**बुधवार, 10 अप्रेल 2024**
**प्रात : 09 से 1 बजे तक**

**स्थान - गुलाब विहार,**
**श्योपुर, प्रताप नगर, सांगानेर**

*क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।*

शिविर उद्घाटनकर्ता
श्री महावीर प्रसाद-महेश देवी जी, अरविंद कुमार जी, दीपिका जी, कुणाल एवं वहक जैन एवं समस्त पाटनी परिवार

दीपप्रज्वलन कर्ता
श्री नीतेश-सुषमा जैन

शिविर सहयोगकर्ता
विनीता अजमेरा, उपाध्यक्ष श्योपुर मण्डल
(महिमा क्लासेज)

मुख्य संयोजक
ममता सेठी

सारिका जैन
अध्यक्ष

स्वाती जैन
सचिव

सुषमा जैन संयोजक | अंशु जैन संयोजक | इंदु जैन संयोजक | नीलू जैन संयोजक | रानी पाटनी संयोजक | रिंकु जैन संयोजक

एवं समस्त सखी गुलाबी नगरी परिवार

## वेद ज्ञान

### हर जगह शांति का अभाव

विश्व में यद्यपि धन का अभाव नहीं है, किंतु शांति का अभाव अवश्य है। धनोपार्जन के लिए इतनी अधिक जनशक्ति को दिग्भ्रमित किया जा रहा है कि सामान्य जनता की रुपए कमाने की क्षमता अधिकाधिक बढ़ गई है, किंतु इसका दीर्घकालीन परिणाम यह हुआ है कि इस अनियंत्रित और अन्यायपूर्ण मुद्रास्फीति से पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था बिगड़ गई है और उसने ऐसे सस्ते धनोपार्जन के फल को ही नष्ट करने के लिए हमें बड़े-बड़े भारी लागत के शस्त्रास्त्र बनाने के लिए उकसाया है। धनोपार्जन करने वाले बड़े देशों के नेता लोग वास्तव में शांति का अनुभव नहीं कर रहे हैं, बल्कि आणविक अस्त्रों के द्वारा आसन्न विनाश से अपनी सुरक्षा की योजनाएं बना रहे हैं। वस्तुतः इन भयंकर अस्त्रों के परीक्षण के रूप में विपुल धन-राशि समुद्र में फेंकी जा रही है। ऐसे परीक्षण न केवल भारी आर्थिक लागत पर किए जा रहे हैं, बल्कि अनेक प्राणियों के जीवन को संकट में डालकर भी हो रहे हैं। इस प्रकार विश्व के राष्ट्र कर्मफल के नियमों से बंधते जा रहे हैं। जब लोग इंद्रियतृप्ति की भावना से प्रेरित होते हैं तो जो भी धन कमाया जाता है वह नष्ट हो जाता है, क्योंकि उसका व्यय मानव जाति के संहार के लिए होता है। इस प्रकार मनुष्य के भगवान से विमुख होने के कारण मानवजाति की शक्ति नष्ट हो जाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि श्रीभगवान ही समस्त शक्तियों के स्वामी हैं। धन-संपदा की पूजा होती है उसे भाग्य की देवी या मां लक्ष्मी कहा जाता है। कोई भी मनुष्य भाग्यलक्ष्मी का उपभोग श्रीनारायण की सेवा के बगैर नहीं कर सकता। इसलिए जो व्यक्ति लक्ष्मीजी का गलत उपयोग करना चाहेगा, उसे प्रकृति के नियमों द्वारा दंडित होना पड़ेगा। ये नियम निश्चित करेंगे कि धन-संपदा स्वयं शांति और संपन्नता लाने के बजाय विनाश का कारण बन जाएगी। इसलिए धन के इस्तेमाल के प्रति हमें अपने विवेक का परिचय देना चाहिए और यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि जो भी धन है उसका मानव कल्याण के लिए सदुपयोग हो। अगर धन के इस्तेमाल के प्रति हमारे मन के भीतर भोग की भावना होगी तो उस धन का अपव्यय ही होगा और हमारा अपना आंतरिक नुकसान भी होगा।

## संपादकीय

### तमाम प्रयासों के बावजूद बीच में पढ़ाई छोड़ रहे हैं बच्चे



देश में शिक्षा की सूरत में सुधार के लिए समय-समय पर की जाने वाली तमाम कवायदों के बावजूद हालत यह है कि बहुत सारे बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। खासतौर पर जब किसी राज्य में संसाधनों की कमी न हो, फिर भी बहुत सारे बच्चे स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ रहे हों तो यह सोचने की जरूरत है कि नीतियां बनाने और उन्हें अमल में लाने के तौर-तरीकों में क्या खामी है। गौरतलब है कि हरियाणा में जब वर्ष



2023-24 में वार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों के आंकड़ों को अद्यतन किया गया तो यह दुखद तस्वीर सामने आई कि राज्य के सभी राजकीय स्कूलों में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक में पढ़ने वाले चार लाख चौंसठ हजार बच्चों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। अगर इन बच्चों ने पुराने स्कूल को छोड़ने के बाद कहीं और दाखिला नहीं लिया, तो जाहिर है कि उनके पास कोई रास्ता नहीं बचा था। ऐसे बच्चे आमतौर पर अभावों से जूझ रहे परिवारों से आते हैं। यह छिपा नहीं है कि वंचित तबकों के बच्चे कितनी जद्दोजहद से गुजर कर स्कूल के परिसर में शिक्षा हासिल करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में अगर राजकीय स्कूलों से इतनी बड़ी तादाद में बच्चे बाहर निकल कर जीवन चलाने के लिए कोई अन्य रास्ता अख्तियार कर रहे हैं तो यह एक अफसोसनाक तस्वीर है। सवाल है कि किसी भी वजह से अगर इतनी भारी संख्या में बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर हो रहे हैं तो इसकी जिम्मेदारी किस पर आती है ! बीते कई दशक में सबसे ज्यादा जोर इस बात पर रहा है कि दूरदराज तक में स्थित ग्रामीण इलाकों में रहने वाले परिवारों के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराया जाए। इसका असर भी देखने में आया था। मगर अब आर्थिक और अन्य परिस्थितियों की वजह से अगर बच्चे स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ रहे हैं तो एक तरह से यह समूचे सरकारी तंत्र की विफलता है। इसमें विकास में असंतुलन की वजह से एक ऐसा सामाजिक तबका खुद को इस बात के लिए लाचार पा रहा है कि वह अपने बच्चों को स्कूल में बिना बाधा के पढ़ा-लिखा सके।

## परिदृश्य

### समीकरण

लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने समीकरणों के साथ प्रचार अभियान में लग चुकी हैं। रैलियों और भाषणों में अनेक मुद्दों पर बात की जाती है, लेकिन किसी पार्टी का रुख इस बात से आंका जाता है कि चुनाव में जनता को अपने पक्ष में मत देने के लिए घोषणा पत्र में वह क्या वादे करती है। इस क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसे ''न्यायपत्र 2024'' का नाम दिया गया है। इसमें कांग्रेस ने जनता से वादा किया है कि वह सत्ता में आने पर अलग-अलग सामाजिक वर्गों की स्थिति में सुधार के लिए नई योजनाएं लाएगी। मसलन, उसने अपने घोषणापत्र की पच्चीस गारंटियों को ठोस बताया है। हर गरीब महिला को हर वर्ष एक लाख रुपए, किसानों को कर्जमाफी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून, मनरेगा में कम से कम मजदूरी चार सौ रुपए की गारंटी के अलावा सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए जाति आधारित जनगणना कराने जैसे कई वादे किए गए हैं। इसमें एक तरह से भाजपा की ओर से जारी एक नारे ''मोदी की गारंटी'' का जवाब देने की कोशिश है कि अगर मतदाता केंद्र में कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका देते हैं, तो वह अपने घोषणापत्र में दर्ज जनता के कल्याण कार्यक्रमों को 'गारंटी' के स्तर पर लागू करेगी। यह छिपा नहीं है कि चुनाव आने पर राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं की ओर से कितने बड़े-बड़े और कैसे वादे किए जाते हैं। पिछले कुछ समय से तो लोगों को कोई सामान, उपहार या सुविधा मुफ्त में मुहैया कराने के वादे करके वोट मांगने का चलन हावी होता दिख रहा है। सवाल है कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि किन्हीं हालात में अगर उन्हें सरकार बनाने का मौका मिल जाता है तो उसके बाद वे या तो उन वादों को भूल जाते हैं या फिर उन्हें पूरा करने को लेकर वे अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं समझते। जबकि जनता आमतौर पर राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की ओर से अपने भाषणों में दिए गए भरोसे, घोषणापत्र में दर्ज वादों के आधार पर किसी पार्टी को अपना समर्थन देकर सत्ता में पहुंचाती है और उसके बाद अपने लिए किसी कल्याण कार्यक्रम का इंतजार करती रह जाती है। अव्वल तो जनता को ऐसे वादों के प्रति



जवाब मांगने का मौका नहीं मिल पाता, क्योंकि चुने जाने के बाद बहुत कम जनप्रतिनिधि जनता के बीच अपनी मौजूदगी बनाए रखते हैं। दूसरे, अगले चुनाव तक फिर से राजनीतिक दलों के वादों का एक नया संजाल खड़ा हो चुका होता है। वादे करके उसे पूरा नहीं करने को लेकर सवाल भी उठते रहे हैं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने काफी पहले चुनाव लड़ने वाले दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता खराब न होने देने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करने को कह चुका है। निर्वाचन आयोग ने भी यह स्पष्ट कर रखा है कि राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हो या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की संभावना हो। ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल उठता है कि इस आम चुनाव के मद्देनजर अपने-अपने घोषणा पत्रों में किए गए वादों को पूरा करने को लेकर कांग्रेस या अन्य सभी पार्टियां कितनी गंभीर और जिम्मेदार होंगी !









# जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

## शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन एवम दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के तत्वावधान में जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दीप प्रज्वलन समाज श्रेष्ठी श्रवण कुमार गोदीका एवं राजेंद्र कुमार लुहाड़िया ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम यादव, पूर्व पार्षद अजय यादव, महिला समिति की अध्यक्ष डॉक्टर शीला जैन, मंत्री पुष्पा सोगानी, शिविर संयोजक सुनील सुनीता गोदीका, राकेश नीरा लुहाड़िया, सुधा वैद्य, डॉक्टर साधना गोदीका , अर्चना पाटनी, कविता अजमेरा, ममता शाह, उमा पाटनी आदि उपस्थित रहे। शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

# चांदनपुर के टीले वाले बाबा पर नाटिका का मंचन

**अजमेर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर द्वारा सखी ग्रुप अजमेर के सहयोग से जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान की जयंती से चोबीसवे तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की जयंती तक प्रतिदिन अजमेर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हो रहे भक्तिगान से ओत प्रोत घर घर मंगलाचार कार्यक्रम की श्रृंखला में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के संत भवन पार्श्वनाथ कॉलोनी में एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमे सखी ग्रुप की प्रगति जैन के संयोजन में एवम भजन गायक अंकित पाटनी द्वारा महावीर भगवान की भक्ति में भजन प्रस्तुत किए गए। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर की वैशाली नगर इकाई की मंत्री अल्पा जैन ने बताया कि



कार्यक्रम में श्रेया पाटनी द्वारा मंगलाचरण भक्ति नृत्य करते हुए प्रस्तुत किया गया। सखी ग्रुप की सदस्याओं ने इस अवसर पर ''चांदनपुर के टीले वाले बाबा''की नृत्य नाटिका का मंचन बहुत ही हर्षोल्लास से किया। नाटिका में राजा सिद्धार्थ की भूमिका कृतिका जैन, माता त्रिशला की भूमिका आकांक्षा जैन, साथ ही रजनी जैन, अनु काला, प्रगति पाटनी, प्रिया पाटनी, अल्पा जैन,पूजा कांटीवाल, वैशाली जैन,ऋतु बाकलीवाल सहित सभी सदस्याओं ने भाग लिया। समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन महासमिति युवा महिला संभाग की कोषाध्यक्ष मंजू ठोलिया एवम आनंद नगर इकाई अध्यक्ष अंजू अजमेरा ने सभी सखी ग्रुप की सदस्याओं का माल्यार्पण करते हुए सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान महावीर को पालना झुलाने का भी अवसर सभी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पार्श्वनाथ कॉलोनी इकाई, छतरी योजना इकाई की सदस्याओं सहित बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी मोजूद रहे।

# मुनि श्री शैलसागर, श्री अचलसागर, श्री सहज सागर ससंघ का कुंडलपुर में हुआ प्रवेश





**रत्नेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**

कुण्डलपुर। सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ कुण्डलपुर में 16 अप्रैल को आचार्य पद पदारोहण महोत्सव आयोजित किया गया है। जहां पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समस्त शिष्य मुनि आर्यिका ससंघो का निरंतर आगमन हो रहा है। आचार्यश्री के प्रभावक शिष्य मुनि श्री शैल सागर जी महाराज, श्री अचल सागर जी महाराज, श्री सहजसागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश रविवार के प्रातःकाल हुआ। इस अवसर पर मुनि संघ की गाजे-बाजे के साथ भव्य अगवानी की गई। कुंडलपुर में पूर्व से विराजित निर्यापक, मुनि , आर्यिका संघों का वात्सल्य मंगल मिलन हुआ। सभी मुनि संघ संत भवन स्थित पंडाल में विराजमान हुए ,जहां आचार्यश्री का पूजन किया गया।

## निर्यापक श्री वीर सागर महाराज पुणे से आ रहे

महोत्सव मीडिया समिति के जयकुमार जलज हटा तथा राजेश जैन रागी बकस्वाहा ने बताया कि आचार्य पद पदारोहण महोत्सव में शामिल होने के लिए निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर जी महाराज के चरण पुणे से लगभग 1000 किलोमीटर की दूरी तय करने के पश्चात छालों से भरे हैं ।अभी भी दूरी 40 किलोमीटर शेष है। धन्य है दिगंबर साधु जो एक बार आहार पानी लेकर भीषण गर्मी में गुरु विरासत को संयोजने निरंतर बढ़ रहे हैं। मुनि श्री का आज दमोह आगमन हो गया है।

## मुनिश्री समय सागर आए बांदकपुर

जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी महाराज रविवार को बांदकपुर आ चुके हैं जहां पर एक साथ 28 आर्यिकारत्न माताओं ने उनके चरणों की वंदना। संघस्थ क्षुल्लक महाराजों ने आर्यिका संघ की अगवानी की। एक साथ बिहार करते हुये आर्यिकारत्न श्री अंतरमती माताजी आर्यिका श्री अक्षयमति माताजी आर्यिका श्री अपूर्वमति माताजी 18 आर्यिकाओं और आर्यिकारत्न श्री दुर्लभमति माताजी ससंघ 10 आर्यिका माता जी ने दूसरे मार्ग से द्रुत गति से एक साथ पहुंचकर ज्येष्ठ मुनि राजों की वंदना कर पूज्य श्री समयसागर जी महाराज की प्रदक्षिणा कर वंदना की और नमोस्तु निवेदित कर आशीष प्राप्त किया।

**रिपोर्ट: राजेश जैन रागी**
**रत्नेश जैन बकस्वाहा**

# शरद रावत परवार समाज मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्वाचित

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। श्री चंदाप्रभु दिगंबर जैन परवार समाज मानव सेवा ट्रस्ट के त्रि वार्षिक चुनाव अंजनी नगर स्थित समाज के चंदा प्रभु मांगलिक भवन में संपन्न हुए जिसमें युवा समाजसेवी शरद रावत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। राजेश डी जेन एवं भूपेंद्र जैन चुनाव अधिकारी थे। शरद रावत निवृत्तमान अध्यक्ष राजेश जैन लॉरेल का स्थान लेंगे। मानव सेवा ट्रस्ट की स्थापना वर्ष 1996 में दिगंबर जैन परवार समाज के तात्कालीन अध्यक्ष केवलचंद रावत ने अपनी षष्ठि पूर्ति के उपलक्ष में अपनी ओर से 100000 रुपए की दान राशि से इस ट्रस्ट की स्थापना की थी।



वर्तमान में समाज के सहयोग से एकत्रित 80 लाख रुपए ट्रस्ट की कार्यशील पूंजी है जिसके ब्याज एवं अन्य माध्यम से प्राप्त दान राशि से प्रतिवर्ष 4 से 5 लख रुपए की आर्थिक सहायता समाज के आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के परिवार के बच्चों को शिक्षा एवं बीमारों को उपचार हेतु स्वास्थ्य सहायता प्रदान की जाती है। वर्तमान में ट्रस्ट के 345 ट्रस्टी सदस्य हैं जिनका भरपूर सहयोग ट्रस्ट को प्राप्त होता है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा शरद रावत के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा होते ही सर्वप्रथम निवृतमान अध्यक्ष राजेश लॉरेल ने रावत को पुष्पमाला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तत्पश्चात मीटिंग में उपस्थित डॉक्टर जैनेंद्र जैन, अरविंद जैन बंडु, राहुल स्पोर्ट्स, राजीव जैन बीड़ीवाले,अनिल जैनको, राकेश चेतक, अनिल रावत,राजेश जैन दद्दू, राजू अलबेला अरविंद सोधिया, कमल जैन चैलेंजर सुदीप जैन आदि गणमान्य ट्रस्टियों एवं समाज जनों ने रावत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। चुनाव के पूर्व संपन्न ट्रस्ट की साधारण सभा मे वर्तमान अध्यक्ष राजेश लॉरेल ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर विदाई भाषण पढ़ते हुए अपने 9 वर्षीय कार्यकाल में सभी ट्रस्टियों से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। संचालन विपुल बांझल ने किया।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर द्वारा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर स्वामी के 2623 में जन्मकल्याण महोत्सव के पावन अवसर पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के आवाहन पर श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती राखी राठौड प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी राजस्थान, पारस जैन चेयरमैन नगर निगम ग्रेटर जयपुर, रामावतार गुप्ता पार्षद जयपुर नगर निगम ग्रेटर, आशीष शर्मा पार्षद जयपुर नगर निगम ग्रेटर, सुभाष चंद्र जैन अध्यक्ष राजस्थान जैन सभा, कमल बाबू जैन पूर्व अध्यक्ष राजस्थान जैन सभा, मनीष बेद महामंत्री राजस्थान जैन सभा राजीव जी पाटनी संयोजक रक्तदान शिविर राजस्थान जैन सभा, अशोक पाटनी कार्यकारिणी सदस्य राजस्थान जैन सभा, एम पी जैन अध्यक्ष, ज्ञान बिलाला मंत्री, कैलाश सेठी कोषाध्यक्ष,विनेश सोगानी संगठन मंत्री एवं संयोजक रक्तदान शिविर ,सतीश कासलीवाल सह संयोजक रक्तदान शिविर, मुकेश कासलीवाल ,जे के जैन ,नरेंद्र कासलीवाल ,विमल बाकलीवाल अनिल दीवान, राजेंद्र सोनी, निर्मल शाह, अजीत जैन बी ओ बी ,विनय सोगानी ,चेतन जैन, अनील जैन, संतोष कासलीवाल, श्रीमती शकुंतला जैन, श्रीमती रचना वेद,श्रीमती प्रीति सोगानी, श्रीमती चित्रा जैन, श्रीमती ममता काला ,श्रीमती मंजू कासलीवाल, श्रीमती नीतू जैन, श्रीमती पूनम कासलीवाल ,सहीत सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।








# भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर संपन्न

## शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित, 500 से भी अधिक को मिला निशुल्क उपचार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति द्वारा रविवार को विशाल रक्तदान एवं निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन और दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक वैशाली नगर नेमीसागर कॉलोनी स्थित वर्धमान भवन में शिविर आयोजित हुआ। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे.के. जैन कालाडेरा ने बताया कि शिविर के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत थे वहीं अध्यक्षता आरएएस पंकज ओझा ने की। नगर निगम ग्रेटर उद्यान समिति की चेयरमैन राखी राठौड़ शिविर की सम्माननीय अतिथि थीं। वहीं काशवी सेठी, सुभाष, गौरव, अनुश्री, लेखराज, आभा, हिमांशु, लावान्या, यशस्वी और समृद्ध बड़जात्या इस शिविर के विशिष्ट अतिथि थे।

शिविर का उद्घाटन जे के जैन कालाडेरा ने किया , चिंता बेवी, निर्मल, सुजाता, साहिल, गरिमा, आरोही, अनाया, सूरज, सीमा, मोहित, सोनाली ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में एटरनल हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुश कुमार भगत, गायनाकोलोजिस्ट डॉ. सत्यंवदा पांडे, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुभांगी गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक गोयल, जनरल फीजिशियन डॉ. हिमांशु रोत, फीजियोथेरेपिस्ट डॉ. कृतिका उपाध्याय और ओप्थोमोलोजिस्ट डॉ. धर्मेंद्र ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में डेंटिस्ट आर.एस. शर्मा, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. पीयूष त्रिवेदी, होमियोपैथी डॉ. संगीता जैन और हीलर अंबिका शर्मा और कविता सोनी ने भी अपनी सेवाएं दी। ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, ईसीजी, बीएमडी और बीएमआई की जांचें शिविर में निशुल्क की गई। जैन ने बताया कि शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जिसे जरूरतमंदों की सहायतार्थ ब्लड बैंक को दिया गया। आयोजित शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान हैलमेट का निशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर में हंसराज अग्रवाल, अनिल जैन, प्रदीप निणोतिया, संजीव काशलीवाल, एन.के. जैन उपस्थित रहे। पूनम ठोलिया, राजेश गंगवाल, राजेन्द्र सेठी, विरेंद्र गोधा, अशोक झांझरी, विकास पाटनी, सुभाष अजमेरा, नीरज पहाड़िया, मंजू देवी सेठी, किरण जैन, जय कुमार, मंजू बड़जात्या, पूनम, अनिता ठोलिया, संजय पूजा पाटनी, नीरज, कुसुम पहाड़िया, विकास, निशा काशलीवाल, गौरव अनुश्री अजमेरा, नितिन, प्रिया ठोलिया, विपिन, वंदना गोधा, अमित दीपिका गंगवाल, सौरभ, दीपिका बड़जात्या, मोहित, दिव्या बड़जात्या, ऋषभ और अस्मिता बड़जात्या का भी सराहनीय योगदान रहा।

# गुलाबीनगर ग्रुप का स्नेह होली मिलन समारोह सम्पन्न







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर जयपुर द्वारा अपने दम्पति सदस्यों के लिये 06 अप्रैल को स्नेह होली मिलन समारोह हिल साइड रिसोर्ट (जग्गा की बावड़ी से आगे) आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती कांता प्रकाश पाटनी, श्रीमती मीना सुनील काला व श्रीमती इंद्रा ओमप्रकाश जैन ने सभी सदस्यों का गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सुशीला बड़जात्या व सचिव महावीर पांड्या का स्वागत किया। संयोजकों ने मनोरंजक हाउजी खिलाई, जिसमे सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर सभी सदस्यों ने परिवार के साथ फूलों की होली व रंगारंग नाच गाने, होली के लोकगीत को नृत्य के साथ गाते हुये कार्यक्रम का तथा स्वादिष्ट भोजन काआनंद लिया। अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या ने अभी तक किये कार्यक्रम की जानकारी दी। तथा 21अप्रैल को श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को बिस्कुट व फल फ्रूट व नवजात बच्चों को बेबी किट वितरण का कार्यक्रम की जानकारी दी। रीजन कार्याध्यक्ष सुनील बज ने भी श्री महावीर जी रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को सम्मलित होने के लिये आग्रह किया। नव आगन्तुक सदस्यों का परिचय कराया व सम्मान किया गया। चेतन - रेखा जैन का विशेष रूप से धार्मिक कार्य के लिये सम्मान किया गया। मार्च अप्रैल में वैवाहिक वर्षगांठ आने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। सचिव महावीर पांड्या ने सभी सदस्यों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये धन्यवाद दिया।

## मुनि श्री समय सागर जी का 9 अप्रैल को होगा कुण्डलपुर में प्रवेश

**रत्नेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**

कुण्डलपुर। पूज्य गुरु श्रेष्ठ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की पावन परम्परा के संवाहन के लिए प्रस्तावित ''भावी आचार्यश्री'' पद पदारोहण महामहोत्सव हेतु पूज्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समय सागर जी महाराज का मंगलवार 09 अप्रैल 2024 को देश के सुविख्यात श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर जिला दमोह मप्र बुन्देलखण्ड मे भव्य मंगल प्रवेश होगा, जिसको लेकर देश के भक्त, श्रध्दालु व श्रावकों में उत्साह उमंग की लहर दौड़ रही है। कुण्डलपुर में पूज्य महामुनिराज की अगवानी एक नये इतिहास के सृजन का परिचायक होगी। शहर नगर गाँव - गांव से हजारो हजार भक्त श्रध्दालु कुण्डलपुर अगवानी के इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिये तैयारी कर चुके हैं। वहीं विभिन्न समितियां व्यवस्थाओं को अंजाम देने हेतु तैयारी कर चुके हैं।



**समितियों को सौंपा कार्यभार:** महामहोत्सव की मीडिया समिति के जयकुमार जलज हटा तथा राजेश जैन रागी बकस्वाहा ने बताया कि कुण्डलपुर के बड़े बाबा की छत्रछाया में आगामी मंगलवार 16 अप्रैल 2024 को आयोजित होने जा रहे आचार्य पद पदारोहण महामहोत्सव हेतु कुंडलपुर कमेटी ने 45 समितियों के बीच कार्य विभाजन कर उनके प्रभारी को कार्य सौंप कर निरन्तर समीक्षा कर रही है। समितियां अपने कार्य को सक्रियता व समर्पित भाव से निर्वहन कर रहीं हैं। महोत्सव हेतु यातायात व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। दमोह से नियमित बसों द्वारा यात्रियों को सुविधा अनुसार कुंडलपुर पहुंचने की व्यवस्था की गई हैं। रेलवे स्टेशन दमोह से प्रातः होते ही यात्रियों को स्टेशन पर बस उपलब्ध कराई जा रही है। दमोह से आहार चर्या में सहयोग करने वाले श्रावकों को बस उपलब्ध की जा रही है। कुंडलपुर में भी यात्रियों को बड़े बाबा मंदिर तक पहुंचाने में बसों का संचालन किया जा रहा है।

**रिपोर्ट: राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# श्री वर्धमान दिगंबर जैन समिति मानसरोवर द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव सेवा के लिए दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर एवम दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याण से भगवान महावीर के जन्म कल्याण तक आयोजित किया जा रहे रक्तदान शिविर कि कड़ी में श्री वर्धमान दिगंबर जैन समिति के सानिध्य में युवा मंडल महिला मंडल द्वारा रविवार, 7 अप्रैल 2024 को श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस के संत भवन राजावत फार्म मानसरोवर जयपुर पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रक्तदान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ राजेश काला ने बताया कि रक्तदान सुमन ब्लड बैंक द्वारा एवं नेत्र चिकित्सा यश ऑप्टिकल के द्वारा मनु श्री हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। मानव सेवा के इस कार्य में 40 महिलाओं व युवाओं ने रक्तदान कर सफल बनाया। सभी रक्तदाताओं को समिति के महामंत्री सौभाग मल जैन समिति के सदस्य सुरेंद्र पाटनी एवं युवा मंडल के अध्यक्ष मनोज काला मंत्री जिनेंद्र जैन, महिला मंडल अध्यक्ष उर्मिला पाटनी, मंत्री आशा जैन, कार्यक्रम संयोजक संदीप गंगवाल, विकास जैन ने यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत ISI मार्का हेलमेट रक्तदातों को सम्मान स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कमलेश कुमार सुशीला कासलीवाल परिवार फागी वाले, श्रीमती पारुल जैन धर्मपत्नी रितेश जैन श्रीमती अनामिका जैन धर्म पत्नी राकेश जैन सुमेर नगर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुमकुम जैन, साकेत सोनिया, आदेश प्रियंका, कुमकुम फोटो स्टूडियो मानसरोवर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## नृत्य क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना लक्ष्य : तितिक्षा




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** शहर में उभरती कथक नृत्यांगना तितिक्षा आर्य ने कहा कि उसका जीवन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश दुनिया में नृत्य क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना ही लक्ष्य है। मुंबई के नाट्य गृह में हाल ही नृत्य तरंगिणी कलाश्री सम्मान से सम्मानित हुई श्रुति 'द स्कूल ऑफ म्यूजिक' की पंचम वर्ष (प्रथाग संगीत समिति) की छात्रा तितिक्षा ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुंबई में कार्यक्रम में उसके नृत्य को कलाकारों, दर्शकों व आलोचकों द्वारा काफी सराहा गया। उसने टेप संगीत के बजाय लाइव संगीत संगत पर नृत्य प्रस्तुति दी जिसका अलग ही अनुभव व अहसास होता है। कक्षा 12वीं की छात्रा तितिक्षा का कहना है कि पढ़ाई के साथ नृत्य रियाज के लिए समय निकालना भी एक मैनेजमेंट है और प्रयास किया जाए तो समय निकल भी जाता है। वह राजस्थान यूथ फेस्टिवल में राज्य स्तर स्थान प्राप्त करने के अलावा यहां बड़गांव में वूमेन एम्पावरमेंट के लिए सम्मानित हो चुकी है। तितिक्षा के नृत्य गुरू पं नरेन्द्र कुमार व्यावत का कहना है कि तितिक्षा की नृत्य क्षेत्र में यह पहली सीढ़ी है। उसका सम्मानित होना बड़ा गर्व है। तितिक्षा नृत्य सीखने के अलावा बच्चों को नृत्य सिखाती भी है। श्रुति निदेशक शिखा बहल ने बताया कि उनके यहां 30 से ज्यादा बच्चे नृत्य व संगीत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संगीत में रुचि बच्चों को अवसाद से बचाता है। **रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर शिप्रा पथ मानसरोवर में डॉ जी.एल. शर्मा द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शिप्रा पथ मानसरोवर में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें महापौर सौम्या गुर्जर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक आदर्श नगर व ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संस्थापक प्रमोद जैन भंवर व समाजसेविका मनीषा जैन सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता सतत सीखने की प्रक्रियाः हितैषी

## जार उदयपुर इकाई का होली व भारतीय नववर्ष मिलन सम्पन्न, जार सदस्यों को वितरित किए गए पत्रकार जैकेट



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

पत्रकारिता सतत सीखने की प्रक्रिया है। पत्रकारिता में ईमानदारी ही पत्रकार को सच्ची पहचान दिलाती है। शहर के पत्रकारों को तो कई तरह की सहूलियतें प्राप्त हो जाती है, हमें ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों को आगे लाने पर विचार करना चाहिए। यह बात वरिष्ठ पत्रकार विष्णु शर्मा हितैषी ने रविवार को उदयपुर के फतहसागर किनारे स्थित महाकालेश्वर मंदिर के सभागार में जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की उदयपुर इकाई के तत्वावधान में आयोजित होली तथा भारतीय नववर्ष स्नेह मिलन समारोह में कही। उन्होंने सृजनात्मक व समाधानात्मक पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि सिर्फ समस्याओं को उठाकर ही पत्रकार का दायित्व पूरा नहीं हो जाता, अपितु समस्या के समाधान के विकल्प ढूंढ़कर प्रस्तुत करना भी पत्रकार का दायित्व है। कार्यक्रम में जार के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर दाधीच ने पत्रकारों से जनसमस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने का आह्वान किया, वहीं वरिष्ठ पत्रकार नरेश शर्मा ने ग्रामीण पत्रकारों का भी यथोचित प्रोत्साहन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जयपुर से आए नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) एनयूजेआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय सैनी ने कहा कि संगठन पत्रकार हितों को लेकर और भी संवेदनशील बने। उन्होंने कोरोनाकाल में दिवंगत हुए पत्रकारों के परिवारों को सहायता दिलाने में संगठन द्वारा निभाई गई भूमिका की जानकारी देते हुए कहा कि संगठन को पत्रकार सुरक्षा सहित पत्रकारों के परिवारों की भी चिंता करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश महासचिव भाग सिंह, प्रदेश सचिव राजेश वर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल मूंदड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष नानालाल आचार्य ने भी विचार व्यक्त किए। उदयपुर जार इकाई के अध्यक्ष राकेश शर्मा राजदीप, महासचिव दिनेश भट्ट, कोषाध्यक्ष गोपाल लोहार, सह कोषाध्यक्ष दिनेश हाड़ा ने अतिथियों को उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जार उदयपुर इकाई की ओर से प्रतिमाह खोजपरक खबरों के लिए चयन किए जाने वाले शहरी व ग्रामीण जार सदस्यों को मासिक पुरस्कार समन्वयक हरीश नवलखा ने सम्मानित किया, जिनमें नारायण वडेरा (कोटड़ा), लीलेश सुयल (पलाना), नवरतन खोखावत व बाबूलाल ओड़ (उदयपुर) शामिल थे। समारोह में अतिथियों ने जार उदयपुर इकाई द्वारा बनवाए गए पत्रकार जैकेट्स का लोकार्पण किया। बाद में सभी जार सदस्यों को जैकेट्स प्रदान की गई। इस दौरान युवा पत्रकारों ने जार की सदस्यता ग्रहण की, उनका भी स्वागत-सम्मान किया गया।

# हृदय स्वस्थ है, तो सब ठीक है: डॉ. संजय मित्तल




## संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर हेल्थ टॉक का आयोजन हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

हृदय स्वस्थ है तो सब ठीक है। हमारा शरीर 24 घंटे में से नींद के माध्यम से 8-10 घंटे आराम करता है। लेकिन हमारा हृदय लगातार अनवरत काम करता रहता है। इससे स्वस्थ रखना हम सबका सबसे बड़ा दायित्व है। हमें अपने खानपान और रहन सहन के माध्यम से इसे स्वस्थ रख सकते है। इसके लिये हमें 10 हजार कदम नियमित रूप से चलना चाहिए। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिये तेल और घी से बने पदार्थों से बचना चाहिए। क्योंकि आज पुरे विश्व में सबसे अधिक हृदय रोगी भारत में है। ऐसे में अपनी फिटनेस को ठीक रखने के लिये 1 घंटा व्यायाम, योग, स्विमिंग इत्यादी करने चाहिए। ये विचार आज मेदांता हॉस्पिटल दिल्ली के वाइस चेयरमैन डॉ. संजय मित्तल ने संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर आयोजित "हेल्थ टॉक" में रखे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर हम हृदय रोग से बच सकते है। साथ ही हमें नियमित चैकअप भी करवाना चाहिए। कार्यक्रम के पूर्व में संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी और धन्यवाद ज्ञापित मुकेश मिश्रा और योगेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और डॉ. संजय मित्तल से हेल्थ टिप्स पर खुलकर चर्चा की तथा डॉ. मित्तल ने सभी प्रश्नों के जवाब सहृदयता से दिया।

# जनता कॉलोनी जैन मंदिर प्रांगण में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन सभा द्वारा आवाह्न पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन जनता कॉलोनी जैन मंदिर प्रांगण में हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के आदर्श नगर विधायक प्रत्याशी रवि नैयर द्वारा फीता काटकर किया गया। जनता कॉलोनी, महिला फेडरेशन की उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा जैन द्वारा ब्लड डोनेट किया गया। इस अवसर पर जैन सभा अध्यक्ष प्रकाश, सचिव उजास जैन, राजकुमार जैन, ब्लड डोनेशन कैंप के संयोजक विनोद जैन, नरेश रावका तथा महिला फेडरेशन की अध्यक्ष वंदना जय उपस्थित थी।

# बुंदेलखंड यात्रा संघ जयपुर द्वारा सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ में हुआ शांतिनाथ महामण्डल विधान का भव्य आयोजन





**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के मंगल आशीर्वाद से बुंदेलखंड यात्रा संघ जयपुर द्वारा श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें लगभग 108 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि बुन्देलखण्ड यात्रा संघ जयपुर ने विज्ञा तीर्थ पर शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किया जिसमें पण्डित विमल बनेठा के निर्देशन में सभी यात्रियों ने भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक शांतिधारा करके पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अध्यक्ष शांतिलाल गंगवाल , मंत्री महेश चाँदवाड़, महावीर प्रसाद कासलीवाल एवं संयोजक हरक चंद जैन सहित अनेक बुन्देलखण्ड यात्रा संघ के श्रद्धालुओं ने मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंडल जी पर 120 अर्घ्य चढ़ाकर भक्तों ने संगीतमय लहरों के माध्यम से प्रभु भक्ति का आनन्द लिया। नित्य प्रति पूजन, शांतिनाथ पूजन के साथ गणाचार्य विराग सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का संगीतमय पूजन किया गया। इस अवसर पर विज्ञा तीर्थ कमेटी के कार्याध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा, मीडिया प्रभारी विमल जौंला, मुकेश संघी एवं अशोक चंवरिया ने भामाशाहों का स्वागत किया। इसके बाद पूजार्थियो द्वारा सहस्त्रकूट जिनालय का अवलोकन कर भूमि में कलश स्थापित किया। इस दौरान पूज्य माताजी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए मंगलमय उद्बोधन के माध्यम से जीवन जीने की कला सिखाते हुए कहा कि - हमेशा छोटे को देखकर जियो और अपने से बड़ों को देखकर बढ़ो । यदि ये दो लाइन जीवन में उतर गई तो आपको घर चढ़ने की आवश्यकता नहीं जीवन जीने की कला स्वतः ही आपके जीवन में वृद्धिगत हो जायेगी।

# श्री आदिनाथ दिगंबर जैन महिला जागृति समिति मीरा मार्ग मानसरोवर के चुनाव संपन्न

## श्रीमती सुशीला रावंका अध्यक्ष तथा श्रीमती रश्मि सांगानेरिया मंत्री बनी




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन महिला जागृति समिति मीरा मार्ग मानसरोवर के आज आदिनाथ भवन में हुए चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ । इस चुनाव में श्रीमती सुशीला रावंका अध्यक्ष, श्रीमती स्वर्णकेशी गोधा उपाध्यक्ष, श्रीमती रश्मि सांगानेरिया मंत्री, श्रीमती निर्मला बाकलीवाल संयुक्त मंत्री, श्रीमती ममता श्रीमाल संगठन मंत्री, श्रीमती सुनीता जैन सांस्कृतिक मंत्री, श्रीमती इंदु सोगानी सह सांस्कृतिक मंत्री, श्रीमती अनिला बेनाडा प्रचार मंत्री पद पर निर्वाचित हुई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्रीमती बीना जैन, श्रीमती शांति भोंच, श्रीमती बीना गोयल, श्रीमती मधु सेठी , श्रीमती शिल्पी जैन, श्रीमती इंदु पांडिया, श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती सुनीता छाबड़ा, श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन, श्रीमती मंजू अग्रवाल एवं श्रीमती संतोष बड़जात्या निर्वाचित हुई। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति के मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को समाज व समिति की ओर से बधाई दी।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिनांक 7अप्रेल दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संयुक्त तत्वावधान में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर एवं प्रबंधकारिणी समिति जनकपुरी मंदिर जी के द्वारा संयम भवन जनकपुरी में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, सचिव निर्मल संघी, सन्मती ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदीका, अध्यक्ष मनीष लोंग्या, अशोक सेठी आदि गणमान्य सदस्यों की गरिमामई उपस्थिति रही। ब्लड डोनेशन कैंप संयोजक श्रीमती उर्मिला राकेश जैन, अनीता कैलाश , अलका एवं शीला रहे। ग्रुप अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका ने बताया कि ब्लड डोनेशन कैंप से लगभग 50 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। सचिव सुनीता गंगवाल ने बताया प्रथम रक्तदाता अवी एवं संध्या शाह के साथ-साथ सभी ब्लड डोनेशन करने वालों को आई एस आई मार्क हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष पदमचंद बिलाला, मन्त्री देवेन्द्र कासलीवाल सभी के सहयोग से कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप दिया गया । कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद नरेश शर्मा, भाजपा के कार्यकर्ता गोकुल मिश्रा महावीर बिंदायका की भी गरिमामई उपस्थिति रही। ब्लड डोनेशन कार्यक्रम के दीप प्रज्वलन कर्ता श्रीमती चंद्रप्रभा शाह परिवार चित्र अनावरण कर्ता श्रीमान रमेश राज चौधरी, मुख्य अतिथि विजय, राकेश, राजेन्द्र ठोलिया परिवार रहे। संगिनी ग्रुप कोषाध्यक्ष उर्मिला के साथ मिलकर सभी कार्यकारणी सदस्यों मधु, पुष्पा, चित्रा-अर्चना, मीना, बीना, स्नेहलता ने संपूर्ण व्यवस्था में पूरा सहयोग करके आयोजन को सफल बनाया।




# श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर में रक्तदान शिविर आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर में रविवार दिनांक 07.04.2024 को प्रातः 9:00 बजे से 1:00 बजे तक महावीर जयंती के पावन अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी ट्रस्ट दुर्गापुरा जयपुर, श्री चन्द्रप्रभ चैरिटेबल संस्था दुर्गापुरा एवं श्री दिगम्बर जैन चन्द्रप्रभु महिला मण्डल दुर्गापुरा द्वारा आयोजित किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश चांदवाड एवम मंत्री राजेंद्र काला के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हीराचन्द जैन श्रीमती आशा जैन गर्ग थे तथा कार्यक्रम का शुभारंभ दिलीप कुमार- श्रीमती सुशीला जैन कासलीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। महिला मंडल अध्यक्ष रेखा लुहाड़िया एवम मंत्री रानी सोगानी ने बताया कि मानव सेवार्थ आयोजित रक्तदान शिविर की मुख्य संयोजक-श्रीमती सुशीला दिलीप जैन कासलीवाल, संयोजक - रितु चांदवाड़ एवं रेणु पांड्या थी। चंद्रप्रभ चेरेटीबल संस्था के मंत्री महावीर चांदवाड ने बताया कि इस अवसर पर सन्मति ग्रुप अध्यक्ष मनीष लोंग्या, मुख्य समन्वयक दर्शन बाकलीवाल, राकेश गोदिका, रीजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या एवम महासचिव निर्मल संघी, सन्मति कार्यकारिणी सदस्य अशोक सेठी, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, महिला मंडल सदस्य तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मधुबन कॉलोनी, टोंक फाटक में विशाल रक्तदान शिविर का हुआ अयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार को भगवान महावीर के 26230वे जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में मानव सेवार्थ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन राजस्थान जैन सभा के आह्वान और दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडेरेशन और दिगंबर जैन सन्मति की प्रेरणा से आयोजन किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल टोंग्या और मंत्री अनिल छाबड़ा ने बताया कि सेहुल कासलीवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कैंप के पुण्यार्जक श्रीमती माणक देवी, दिलीप -कामिनी, किशोर - अरुणा , सुनील -नीरा, अभिनव रूचि, अनिकेत -स्तृष्टी , अनुराग -विशाखा, निखिल -आयुषी, विनिशा, अन्वी वान्या, औजस्वी कासलीवाल परिवार (फागी वाले) थे। शिविर के मुख्य समन्वयक राजेश जैन ( छाबड़ा) और जितेंद्र पाटोदी ने बताया कि शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। संयोजक के सी जैन और मनोज रांवका ने बताया कि इस शिविर मे जय जिनेन्द्र महिला मंडल, सेवार्थ संगठन और NGO ब्लड कनेक्ट का सहयोग रहा। मुख्य समन्वयक राजेश छाबड़ा ने बताया कि शिविर में सन्मति ग्रुप अध्यक्ष मनीष लोंग्या, संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका, अशोक सेठी, रीजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या एवम महासचिव निर्मल संघी, राजस्थान जैन सभा की कार्यकारिणी सदस्य मीना - सुनील चौधरी आदि अनेक गणमान्य नागरिको ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का व आयोजको का आभार व्यक्त किया।





## दिगंबर जैन महासमिति बापू नगर सिकाई द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन महासमिति बापू नगर की सी इकाई के अध्यक्ष हीराचंद बैद ने अवगत कराया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जयपुर मेन के साथ सयुक्त तत्वावधान में श्री टोडरमल स्मारक भवन में एक विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। राकेश कुमार संघी , इकाई मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर दीप प्रज्वलन कर्ता प्रदीप जैन सी ए, दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार पांड्या , राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जी जैन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या , दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदीका, धनु कुमार जैन, अध्यक्ष मनीष लौंग्या, अशोक सेठी , शिविर संयोजक कैलाश बक्शी, अनिल संघी, मनोज शाह , वीर कुमार जैन , पवन बज, श्रीमती सरला संघी, श्रीमती रेनू संघी के साथ ही अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। दिगंबर जैन महासमिति पश्चिम संभाग के मंत्री महेंद्र छाबड़ा ने बताया कि पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल कुमार संघी ने सभी अतिथियों का, डाक्टर्स की टीम का परिचय कराया एवं उपस्थित गणमान्य सदस्यों द्वारा माला पहनाकर तथा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। सुरेंद्र पांड्या एवं अनिल जैन ने अपने उद्बोधन में कहा की पश्चिम संभाग मेडिकल क्षेत्र में अनेक प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है। राकेश गोदिका ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन के तत्वावधान में आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक जयपुर शहर के अनेक स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राजेश बड़जात्या ने टोडरमल स्मारक भवन के पदाधिकारी का एवं उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद प्रेषित किया।



## दीक्षार्थी की 9 अप्रैल 2024 को श्री महावीर दि. जैन मंदिर मुरलीपुरा जयपुर में होगी गोद भराई




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गुलाबी नगरी एवं छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध जयपुर के संपूर्ण जैन समाज के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष की बात है कि सांगानेर निवासी ब्र. श्री प्रकाश चंद जैन ( पंवालिया वाले ), 1008 देवाधिदेव श्री महावीर प्रभु के बताये मोक्ष मार्ग के सिद्धांतों पर चलकर एवं परम पूज्य आचार्य 108 श्री इंद्रनंदी जी महाराज के आशीर्वाद एवं परम सानिध्य में आगामी 25 अप्रैल 2024 को सांसारिक जीवन का पूर्ण रूप से त्याग कर मुनि दीक्षा लेने जा रहे हैं। भव्य दीक्षा महोत्सव 24 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक अग्रवाल सेवा सदन, डिग्गीझ मालपुरा ( टोंक ) में संपन्न होगा। उससे पूर्व ब्र. श्री प्रकाश भैयाजी की गोद भराई का कार्यक्रम जयपुर , टोंक, केकड़ी एवं अन्य कई स्थानों पर जैन समाज के द्वारा किया जा रहा है। इस कड़ी में आगामी मंगलवार, 9 अप्रैल 2024 को श्री महावीर दि. जैन मंदिर मुरलीपुरा जयपुर में भी गोद भराई का कार्यक्रम रखा गया है।

## महावीर नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर स्वामी के 2623वें जन्मकल्याणक के अवसर पर आज महावीर नगर स्थित वेलटन होस्पिटल में महावीर नवयुवक मंडल और जैन महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया । इसमें महावीर नगर जैन समाज और सभी वर्गों के रक्तदाताओं ने रक्तदान किया इस शिविर में कुल 53 युनिट रक्त हुआ। सभी रक्तदाताओ को एक हेलमेट देकर सड़क सुरक्षा का भी सन्देश दिया। इस रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक प्रशांत पाण्डया, रितेश जैन, रितु बड़जात्या, रेणु बाकलीवाल थे।

## सार्थक मानव कुष्ठाश्रम शिष्टमंडल की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के शिष्टमंडल द्वारा आज महामहिम राज्यपाल, राजस्थान, कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें आश्रम परिसर स्थित श्री राम मंदिर में आगामी रामनवमी के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित भी किया। भेंट करने वाले शिष्टमंडल में संस्था के अध्यक्ष सुरेश कौलकौल, सचिव भैरव दत्त एवं अन्य कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति सम्मिलित थे। संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल ने राज्यपाल महोदय को संस्था द्वारा वर्तमान में संचालित की जा रही एवं आगामी परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था शीघ्र ही गलता आश्रम के संशाधनों का सदुपयोग करते हुए कुष्ठ प्रभावितों के साथ साथ समाज के अन्य वंचित वर्ग के व्यक्तियों जिनके पास साधन सुविधाओं का आभाव है, के जीवन यापन एवं उनके कौशल विकाश के लिए नई अभिनव परियोजना प्रारम्भ करने जा रही है, जिससे इनका भी सर्वांगीण विकास हो सके। इस परियोजना को पूर्णतया स्वावलम्बी बनाने के लिए एस्ट्रिड मुकली, अध्यक्ष, लेबेन ओहने लेप्रा, जर्मनी ने आश्वस्त किया है।